## जिलाधिकारी महोदय, कानपुर नगर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत क्रियान्वित पाइप पेयजल योजनाओं की समीक्षा बैठक दिनांक 20.02.2025 को आहूत समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

जनपद कानपुर नगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक दिनांक 20.02.2025 को आहूत हुयी, जिसमें निम्न अधिकारी/कर्मचारी उपस्थिति रहें:-

1. मुख्य विकास अधिकारी महोदया/उपाध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कानपुर नगर।
2. जिला विकास अधिकारी महोदय, कानपुर नगर।
3. जिला पंचायत राज अधिकारी, कानपुर नगर।
4. परियोजना निदेशक, डी0आर0डी0ए0, कानपुर नगर।
5. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।
6. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, कानपुर नगर।
7. सहायक अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।
8. अधिशासी अभियन्ता(वि0/यॉ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), कानपुर नगर।
9. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, कानपुर नगर।
10. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 (बी0एल0जी0), कानपुर नगर।
11. प्रोजेक्टर मैनेजर, मै0 वी0एस0ए0, हैदराबाद।
12. प्रोजेक्टर मैनेजर, मै0 वी0टी0एल0-गाजा, नोएडा।
13. ए0वी0पी0 मै0 वी0टी0एल0-गाजा, नोएडा।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे ग्रामीण पाइप पेयजल योजना के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निम्नलिखित निर्देश दिये गये :-

1. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म मै0 वी0एस0ए0 के 19 नग पेयजल योजनायें पूर्ण हैं जोकि विगत समीक्षा बैठक दिनांक 29.01.2025 के सापेक्ष 02 नग पेयजल योजनाओं (गढ़ी कानपुर एवं वीरसिंहपुर पेयजल योजना) की प्रगति हुयी है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पूर्ण होने के मानक पूछे गये, जिसके क्रम में अवगत कराया गया कि जिन योजनाओं को ओ0एण्डएम0 Initiate किया जाता है एवं योजना से सम्बन्धित समस्त पत्रालेख एवं घटक पूर्ण हो। मै0 वी0एस0ए0 की गढ़ी कानपुर एवं वीरसिंहपुर पेयजल योजना जल जीवन मिशन के jjm.up.gov.in पोर्टल पर अपडेट नहीं किया गया, जिससे उक्त पेयजल योजनाओं की पूर्ण होने की सूचना भ्रामक है, जिसके क्रम में जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त किया गया एवं अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) द्वारा जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति के अध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों को प्रगति से गुमराह किये जाने के परिप्रेक्ष्य में समिति, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) के खिलाफ निंदा पारित करती है। मै0 वी0एस0ए0 द्वारा भ्रामक सूचना उपलब्ध कराये जाने के दृष्टिगत अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही- अधि0अभि0, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण))

2. जिलाधिकारी महोदय द्वारा विगत समीक्षा बैठक दिनांक 29.01.2025 एवं आज दिनांक 20.02.2025 को आहूत समीक्षा बैठक में उपलब्ध करायी गयी प्रगति/रिपोर्ट की तुलनात्मक प्रगति/रिपोर्ट उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया।

(कार्यवाही– अधि0अभि0, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)/जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0)

3. जल जीवन मिशन की प्रगति पुस्तिका में कार्यदायी फर्मों द्वारा दी गयी रिपोर्ट को बिना जॉच के ही अद्यतन प्रगति का उल्लेख किया गया जोकि भ्रामक है, जिसके क्रम में जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) के जिला समन्वयक श्री अरूण पाण्डेय के खिलाफ जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति निंदा प्रस्ताव पारित करती है।

4. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि गत माह में एफ0एच0टी0सी0, पाइपलाइन, ट्यूबवेल एवं प्रस्तावित हस्तानांतरण परियोजना में प्रगति शून्य है।

5. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि गत माह में पम्पहाउस में कोई प्रगति नहीं हुयी जबकि मै0 वी0टी0एल0 द्वारा 02 नग योजनाओं की प्रगति हेतु अवगत कराया गया जबकि फर्म ने प्रगति के सम्बन्ध में कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं करायें।

6. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि गत माह में बाउन्ड्रवॉल में कोई प्रगति नहीं हुयी जबकि मै0 वी0टी0एल0 द्वारा 02 नग योजनाओं की प्रगति हेतु अवगत कराया गया जबकि फर्म ने प्रगति के सम्बन्ध में कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं करायें।

7. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि गत माह में सोलर पैनल में कोई प्रगति नहीं हुयी जबकि मै0 वी0टी0एल0 द्वारा 03 नग योजनायें एवं मै0 वी0एस0ए0 द्वारा 02 नग योजना में प्रगति हेतु अवगत कराया गया जबकि दोनों फर्मों ने प्रगति के सम्बन्ध में कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं करायें।

8. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि गत माह में ओवरहेड टैंक (ओ0एच0टी0) में कोई प्रगति नहीं हुयी जबकि मै0 वी0टी0एल0 द्वारा 02 नग योजनायें एवं मै0 वी0एस0ए0 द्वारा 01 नग योजना में प्रगति हेतु अवगत कराया गया जबकि दोनों फर्मों ने प्रगति के सम्बन्ध में कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं करायें।

9. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि गत माह में हर घर जल प्रमाणीकरण में कोई प्रगति नहीं हुयी जबकि मै0 वी0एस0ए0 द्वारा 02 नग योजना में प्रगति हेतु अवगत कराया गया जबकि फर्म द्वारा प्रगति के सम्बन्ध में कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं करायें।

10. टी0पी0आई0 के डी0पी0एम0 श्री मानधाता सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 वी0एस0ए0 एवं मै0 वी0टी0एल0 के कई योजनाओं में निर्माण कार्य बन्द है।

11. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि गत माह में ओ0 एण्ड0 एम0 के लिए Initiate में कोई प्रगति नहीं हुयी जबकि मै0 वी0एस0ए0 द्वारा 02 नग योजना में प्रगति हेतु अवगत कराया गया जबकि फर्म द्वारा प्रगति के सम्बन्ध में कोई साक्ष्य उपलब्ध नहीं करायें।

12. मै0 वी0टी0एल0 के डी0पी0एम0 श्री संदीप शुक्ला के द्वारा अवगत कराया गया कि गत माह में हर घर जल प्रमाणीकरण कराया गया जबकि जल जीवन मिशन के पोर्टल पर जॉच में गत माह की प्रगति शून्य प्रदर्शित है, जिलाधिकारी महोदय द्वारा टी0पी0आई0 से हर घर जल प्रमाणीकरण के विषय में पूछा गया जिसके क्रम में टी0पी0आई0 के डी0पी0एम0 श्री मानधाता सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा उक्त कार्य नहीं कराया गया।

उपरोक्त बिन्दुओं से परिलक्षित होता है कि जनपद में अनुबन्धित फर्मों द्वारा कार्यो में शिथिलता बरती जा रही एवं रूचि नहीं ली जा रही है, जिससे अनुबन्धित फर्म योजनाओं को ससमय पूर्ण करने में अक्षम है, क्यों न अनुबन्धित फर्मों के खिलाफ अनुबन्ध की शर्तों के अनुसार कार्यवाही की जाए। साथ ही अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) को अनुबन्धित फर्मो द्वारा कराये जा रहे कार्यों की प्रगति अत्यन्त धीमी होने के कारण कड़ी चेतावनी दी गयी एवं लक्ष्य के अनुसार प्रगति में सुधार न होने की स्थिति में अधिशासी अभियन्ता की कार्यशैली से उच्चाधिकारियों को अवगत करा दिया जायेगा। साथ ही प्रगति में सुधार लाये जाने तथा निरन्तर योजनाओं को अनुश्रवण करते हुए, प्रगति बढ़ाये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

बैठक ससमय सम्पन्न हुयी ।

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति,
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
कानपुर नगर

**पत्रांक–** 714/W-13/85 **दिनांक** 03-03-2025

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थः–**

1. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. जिलाधिकारी महोदय/अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, कानपुर नगर।
4. जिला विकास अधिकारी, कानपुर नगर।
5. जिला पंचायत राज अधिकारी, कानपुर नगर।
6. परियोजना निदेशक, डी0आर0डी0ए0, कानपुर नगर।
7. मुख्य अभियन्ता(का0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),कानपुर नगर को सादर सूचनार्थ।
8. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर नगर को सादर सूचनार्थ।
9. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यां0), खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर नगर।
10. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर नगर।
11. मै0 वी0एस0ए0–एस0एम0सी0, हैदराबाद।
12. मै0 विंध्य टेलीलिन्क्स–गाजा प्रा0 लि0, नोएडा।
13. टी0पी0आई0 हेतु नामित एजेन्सी।

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष

E:\KNP\2024-25\Monthly DM Meeting\Karyavart 20.02.2025.doc